नवभारत
भोपाल, बुधवार 12 अगस्त 2026

जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें : कलेक्टर

- तेज बहाव वाले पुल-पुलियों को पार न करें
- आकाशीय बिजली के दौरान पक्के भवन में रहें

नवभारत न्यूज

हरदा, 11 अगस्त . जिले में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है. उन्होंने कहा कि तेज बारिश के दौरान नदी-नालों, पुल-पुलियों और रपटों में पानी का बहाव अचानक बढ़ सकता है. ऐसे में लोग जलभराव वाले स्थानों को पार करने का प्रयास न करें और तेज बहाव के बीच वाहन लेकर जाने से बचें.

कलेक्टर ने बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से नदी-नालों एवं अन्य जोखिम वाले स्थानों से दूर रखने की सलाह दी. आकाशीय बिजली की स्थिति में खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभों और ऊंचे स्थानों से दूर रहने तथा सुरक्षित पक्के भवन में शरण लेने की अपील की गई है. किसानों से भी मौसम खराब होने के दौरान खेतों में काम नहीं करने को कहा गया है. उन्होंने नागरिकों से गिरे हुए बिजली के तारों से दूरी बनाए रखने और विद्युत संबंधी किसी भी समस्या को स्वयं ठीक करने का प्रयास नहीं करने की अपील की. घर से बाहर निकलने से पहले मौसम की स्थिति एवं चेतावनी की जानकारी लेने की सलाह भी दी गई है. कलेक्टर ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना दें और सावधानी बरतकर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें.

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरदा. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में शेख मजीद व वार्ड 35 निवासी अशोक ने अधिक विद्युत बिल की शिकायत की. ग्राम गोदड़ी निवासी दयाराम मानकर ने पुत्र के सीएम राइज स्कूल करताना में प्रवेश की मांग की. ग्राम बैड़ियाकला के ग्रामीणों ने बिजली लाइन के खंभे सुधारने और भीमपुरा-बैड़ियाकला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की मरम्मत की मांग रखी. वहीं ग्राम रातातलाई निवासी देवलाल ने दो माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत की. कलेक्टर ने सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए.

24 घंटों में जिले में 20 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

हरदा, 11 अगस्त. जिले में गत चौबीस घंटों में 20.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 17.8 मि.मी., टिमरनी में 25.5 मि.मी., खिरकिया में 40.4 मि.मी., सिराली में 5.7 मि.मी. तथा रहटगांव में 13 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई. इस वर्ष अब तक जिले में 564.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है. इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 607.1 मि.मी., टिमरनी में 580.3 मि.मी., खिरकिया में 643.4 मि.मी., सिराली में 489.5 तथा रहटगांव में 504.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 11 अगस्त तक 648.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी.

फरियाद से समाधान तक जनसुनवाई

- समस्याएं सुनकर समाधान की राह पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग

मदन शर्मा
नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 11 अगस्त . जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान की दिशा में पहल करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की जनसुनवाई अब महज औपचारिकता नहीं, बल्कि आम लोगों और प्रशासन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बनती दिखाई दे रही है.

जनसुनवाई के जरिए अधिकारी लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं और संबंधित विभागों को उनके निराकरण के निर्देश दिए जा रहे हैं. कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा की इस पहल का उद्देश्य लोगों को यह भरोसा दिलाना है कि उनकी समस्याओं को सुनने और उन पर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी उनके बीच मौजूद हैं. शिकायत लेकर पहुंचने वाले लोगों से अधिकारी सीधे संवाद कर रहे हैं, जिससे समस्याओं की वास्तविक स्थिति सामने आ रही है. जनसुनवाई में राजस्व, जमीन, रास्ते, अतिक्रमण, सरकारी योजनाओं, पारिवारिक विवाद सहित अलग-अलग मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आती हैं.

वहीं, पुलिस से संबंधित मामलों में भी लोग अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखते हैं. अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभाग या थाना स्तर पर कार्रवाई के लिए निर्देशित करते हैं. इस प्रक्रिया से प्रशासन को जमीनी स्तर की समस्याओं की जानकारी मिल रही है, वहीं आम नागरिकों को भी अपनी बात सीधे जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है.

एक नजर में

चेक बाउंस मामले में 6 माह का सश्रम कारावास

नर्मदापुरम, 11 अगस्त . न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मधुबाला सोलंकी राजपूत की अदालत ने चेक अनादरण के मामले में आरोपी सेवकराम आहूजा को दोषी ठहराते हुए छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही परिवादी को 2 लाख 24 हजार रुपए प्रतिकार राशि देने के आदेश दिए गए हैं. मामले में परिवादी एमकेए क्रेडिट सॉल्यूशन (महालक्ष्मी कमला आशीष क्रेडिट सॉल्यूशन) की ओर से अधिवक्ता विजय व्यास ने 8 दिसंबर 2017 को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया था. परिवादी के अनुसार आरोपी सेवकराम आहूजा एवं उसके पुत्र जितेंद्र आहूजा को 1 लाख 25 हजार रुपए उधार दिए गए थे. भुगतान के लिए एक्सिस बैंक का चेक दिया गया, जो अपर्याप्त राशि के कारण अनादरित हो गया. नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं होने पर मामला अदालत पहुंचा. आरोपी की ओर से अधिवक्ता योगेश पटेल ने पैरवी की .अदालत ने 8 हजार रुपए न्यायालय शुल्क व अन्य खर्च भी दिलाने के आदेश दिए हैं.

नीतू ने स्वच्छता कर्मियों को रैन कोट वितरित किए

नर्मदापुरम. मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा समस्त स्वच्छता कर्मियों को रैन कोट वितरित किए गए. इस अवसर नपाध्यक्ष यादव ने कहा कि स्वच्छता कर्मी बेहद कर्मठ और ईमानदार हैं. अलसुबह से लेकर देर रात तक नगर की साफ सफाई व्यवस्था में लगे रहते हैं. बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को समस्त स्वच्छता कर्मियों को रैन कोट का वितरण किया गया है. रैन कोट वितरण के दौरान स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, सतीष यादव, पार्षद सिमरन रैकवार पार्षद प्रतिनिधि अर्पित मालवीय आदि उपस्थित थे.

प्रवेश का अंतिम अवसर, 14 तक मिलेगा मौका

माखन नगर . श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखन नगर में सत्र 2026-27 के नवीन प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अंतिम अवसर दिया गया है. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 10 से 14 अगस्त तक 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी. महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता चौबे ने बताया कि विद्यार्थी पंजीयन कराने के बाद आवश्यक दस्तावेज लेकर उसी दिन महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से अंतिम अवसर का लाभ उठाने की अपील की है. सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के इस शासकीय महाविद्यालय में बीए, बीकॉम और बीएससी सहित तीनों संकायों के पाठ्यक्रम संचालित हैं. विद्यार्थियों को शासन की ओर से मिलने वाली विभिन्न सुविधाएं भी महाविद्यालय में उपलब्ध हैं. प्रवेश प्रभारी लेफ्टिनेंट आईएस कनेश ने बताया कि सत्र 2026-27 में प्रवेश का यह अंतिम अवसर है. ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब तक उच्च शिक्षा में प्रवेश नहीं लिया है या पढ़ाई बीच में छोड़ दी है, वे भी आवश्यक दस्तावेज जमा कर प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई दोबारा जारी कर सकते हैं.

ग्राम झिरी में वन अधिकार को लेकर बैठक, 15 अगस्त की ग्राम सभा में समिति गठन का निर्णय

हरदा. ग्राम झिरी में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित हुई. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त की ग्राम सभा में वन अधिकार समिति का विधिवत गठन किया जाएगा .बैठक में ग्रामीणों ने पिछले तीन वर्षों से तेंदूपत्ता बोनस नहीं मिलने और यूरिया खाद की कमी का मुद्दा उठाया. ग्रामीणों ने लंबित बोनस राशि का शीघ्र भुगतान कराने तथा पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की. इन समस्याओं को 15 अगस्त की ग्राम सभा में प्रमुखता से रखने का निर्णय लिया गया. बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत टाले, धनसिंह भलावी, पुरुषोत्तम कलम, कुमारी अवनी गार्गव, मोतीलाल धुर्वे, शंकरलाल धुर्वे, मोतीलाल इवने, रामबिलास धुर्वे, सालकराम धुर्वे, शेषराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाजजन उपस्थित रहे. अंत में जल, जंगल, जमीन, किसान एवं आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया.

खिलाड़ियों ने लिया हर घर तिरंगा संकल्प

नवभारत न्यूज

हरदा, 11 अगस्त . हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को स्थानीय नेहरू स्टेडियम से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया. रैली में फुटबॉल, हॉकी, खो-खो, पुलिस भर्ती क्लब, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया.

ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि रैली का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान एवं खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक भूपेंद्र सिंह तोमर ने किया. इस अवसर पर खिलाड़ियों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्', 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' के नारों के साथ देशभक्ति का संदेश दिया.

तिरंगा रैली नेहरू स्टेडियम गेट नंबर-4 से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक, सनफ्लॉवर स्कूल, वीर तेजाजी चौक, बलराम चौक, नायरा पेट्रोल पंप से होकर नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर-1 पर पहुंचकर संपन्न हुई. रैली में हॉकी कोच संदीप सौदे, फुटबाल कोच अजय पुरवइया, कोच अभिषेक राजपूत, खो खो कोच पलक उइके, इमरान खान, एथेलेटिक्स कोच राजेश जाट सहित खिलाड़ी व नागरिकजन उपस्थित रहे.

हरदा में 15 अगस्त को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन करेंगे ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

हरदा. स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर हरदा में जिला स्तरीय मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे आयोजित किया जाएगा. समारोह में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ध्वजारोहण करेंगे, जिसके बाद राष्ट्रगान एवं परेड की सलामी होगी. समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेशवासियों के नाम संदेश भी प्रसारित किया जाएगा. इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य आयोजन होंगे. शासकीय भवनों को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा.

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई दो प्रतिष्ठानों से घी के सैंपल लिए

- पूर्व में पनीर और दूध के नमूने अमानक मिलने पर तीन प्रतिष्ठानों को नोटिस

हरदा, 11 अगस्त . कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए. खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले ने बताया कि टीम ने समर्पण प्रोविजन और अग्रवाल प्रोविजन से घी के सैंपल लिए हैं.

दोनों नमूनों को जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है. रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. कांबले ने बताया कि पूर्व में मां भगवती राजस्थान स्वीट नमकीन, चारूवा से लिए गए पनीर के नमूने में मॉइस्चर और फैट की मात्रा कम पाई गई थी. वहीं मां रेवा डेयरी, हरदा और कैलाश भैया दूध डेयरी, हरदा से लिए गए दूध के नमूनों में एसएनएफ कम पाया गया था.

सुखतवा के खेत में दिखा बाघ, ग्रामीणों में दहशत

इटारसी, 11 अगस्त . केसला ब्लॉक के सुखतवा क्षेत्र के दौड़ी झुनकर गांव में मंगलवार सुबह खेत में बाघ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया. खेत में घूमते बाघ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आसपास के गांवों में भी दहशत का माहौल है.

ग्रामीणों के अनुसार, बाघ सुबह करीब 9:30 बजे खेत में दिखाई दिया था. ग्रामीणों ने शोर मचाया तो बाघ जंगल की ओर चला गया. बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बाघ की गतिविधियां देखी जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है. सुखतवा रेंजर सुनीता उईके ने खेत में बाघ दिखाई देने की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि बाघ इस क्षेत्र में पहले भी तीन से चार बार नजर आ चुका है. वन विभाग की टीम लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है.

स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर

- कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में प्रशासन अलर्ट
- सीईओ जिला पंचायत और एसडीएम कर रहे हर प्वाइंट

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 11 अगस्त. पचमढ़ी पर्यटन स्थल में चल रहे प्रसिद्ध नागद्वारी मेले में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए विभिन्न विभागों की टीमें लगातार मैदान में सक्रिय हैं. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में एसडीएम आकिप खान मेले के प्रत्येक महत्वपूर्ण प्वाइंट का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं.

सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन भी मेले के विभिन्न प्वाइंटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा कर रहे हैं. वे संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनके कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. प्रशासन का विशेष जोर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाए रखने पर है.

पौधारोपण से हरियाली की नई उम्मीद

- पांच दिन तक चलीं पर्यावरण जागरूकता गतिविधियां
- विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल का लिया

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम. पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के उद्देश्य से स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नर्मदापुरम में पांच दिवसीय पौधारोपण सप्ताह उत्साह के साथ आयोजित किया गया. सप्ताहभर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न पर्यावरण जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं.

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों की प्रेरणादायक लघु नाटिका 'पेड़ बचाओ' से हुई. नाटिका के माध्यम से वृक्षों के महत्व, पर्यावरणीय संतुलन और मानव जीवन में पेड़ों की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया. दूसरे दिन कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए 'ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया' विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई. तीसरे दिन विद्यार्थियों ने मिट्टी, जैविक खाद और स्थानीय पौधों के बीजों से सीड बॉल तैयार किए. इसके माध्यम से उन्हें वनीकरण, जैव विविधता संरक्षण और बंजर भूमि को हराभरा बनाने की प्राकृतिक प्रक्रिया की जानकारी दी गई.

पेंशन गारंटी और डीआर पर मंथन

पिपरिया. पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक अग्निहोत्री भवन में अशोक मंडलोई की अध्यक्षता एवं रम्मू काछी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई. बैठक में भोपाल में आयोजित विभिन्न राज्यों के पेंशनर्स संगठनों की बैठक में मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की सहभागिता की जानकारी दी गई. इसमें पेंशन की गारंटी सहित प्रमुख मांगों पर चर्चा हुई. योगेंद्र पुरोहित ने मेडसाव कंपनी की कैशलेस बीमा योजना से पेंशनर्स को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी.

पैसेंजर का समय बदलने की मांग

नवभारत न्यूज

इटारसी. इटारसी से मदनमहल के बीच प्रस्तावित दैनिक यात्री ट्रेन क्रमांक 51673 के संचालन समय में बदलाव की मांग उठी है. यात्रियों ने ट्रेन को सुबह के समय चलाने और गुरमखेड़ी स्टेशन पर ठहराव देने की मांग को लेकर इटारसी स्टेशन के उप स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य को ज्ञापन सौंपा.

वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार ट्रेन क्रमांक 51673 इटारसी जंक्शन से सुबह 11:40 बजे रवाना होकर मदनमहल पहुंचेगी. यात्रियों का कहना है कि इस समय ट्रेन चलने से नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और मरीजों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल सकेगा.

ज्ञापन में ट्रेन को इटारसी से सुबह 8 से 9 बजे के बीच रवाना करने की मांग की गई है. यात्रियों के अनुसार, सुबह ट्रेन चलने से विद्यार्थी कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में समय पर पहुंच सकेंगे. नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल तक पहुंचने में सुविधा होगी, जबकि व्यापारियों को भी अपने दैनिक कार्यों के लिए बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी.

हर घर तिरंगा — बनखेड़ी में देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर, विधायक सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

हर घर तिरंगा संदेश के साथ निकली भव्य तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी. स्वतंत्रता उत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बनखेड़ी नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. डीजे पर गूंजते देशभक्ति गीतों और राष्ट्रभक्ति के नारों के बीच युवाओं, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल नजर आया.

तिरंगा यात्रा विधायक कार्यालय, पिपरिया रोड से शुरू होकर थाना तिग्गड़ा, मुख्य चौराहा और पुराने थाना मार्ग से होते हुए नगर परिषद परिसर पहुंची.

विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया. संदपीनी विद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल और शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की. यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी विजय सनस पुलिस बल के साथ मौजूद रहे. कैमरों के माध्यम से भी निगरानी की गई. क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक यात्रा में शामिल हुए.

माखन नगर. ग्राम बागरा स्थित शासकीय पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गई. रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया. इस दौरान ग्रामीणों में भी उत्साह और उमंग देखने को मिली. रैली में मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी, मंडल उपाध्यक्ष संतोष परसाई, सुरेश यादव, सरपंच विशाल मालवीय, प्राचार्य बीके राजपूत, रमेश यादव, मुकेश वर्मा सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक शामिल हुए.

हथकरघा-फिनटेक में रोजगार की संभावनाएं

पिपरिया. शहीद भगत पीजी कॉलेज में हथकरघा उद्योग के महत्व, इतिहास, स्वरोजगार की संभावनाओं और फिनटेक जागरूकता को लेकर व्याख्यानमाला आयोजित की गई. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय हस्तकरघा परंपरा से परिचित कराने के साथ आधुनिक वित्तीय तकनीक के क्षेत्र में रोजगार एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी देना था. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने और अपने ज्ञान-कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया. प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एसके मेहरा ने हथकरघा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता बताई.

डॉक्टरों से मारपीट पर तीन माह की सजा

- अस्पतालों में सुरक्षा को लेकर सरकार सख्त
- हिंसा की घटना पर 6 घंटे में दर्ज होगी एफआईआर

इटारसी. अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर मध्य प्रदेश सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं. मरीजों और उनके परिजनों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने के साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों से बदसलूकी, धमकी और मारपीट की घटनाओं पर अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने 10 अगस्त 2026 को प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों में स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं. इसमें मध्यप्रदेश चिकित्सक तथा चिकित्सा सेवा से संबद्ध व्यक्तियों की सुरक्षा अधिनियम, 2008 को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं. अधिनियम की धारा-3 के तहत अस्पताल, क्लिनिक या एंबुलेंस में ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्यकर्मी पर हमला, आपराधिक बल का प्रयोग या धमकी देना प्रतिबंधित है. नियमों का उल्लंघन करने पर धारा-4 के तहत तीन महीने तक का कारावास या 10 हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों की सजा का प्रावधान है.

सरकार के निर्देश के अनुसार अस्पतालों के मुख्य प्रवेश द्वार, ओपीडी और बिलिंग काउंटर जैसे प्रमुख स्थानों पर दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी हिंदी और अंग्रेजी में बड़े अक्षरों वाले बोर्ड पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा. इसके साथ ही अस्पतालों में भीड़ नियंत्रण के लिए प्रत्येक मरीज के साथ अधिकतम 1-2 परिजनों को ही विजिटर पास जारी करने की व्यवस्था लागू करने को कहा गया है. ड्यूटी के दौरान किसी स्वास्थ्यकर्मी के साथ हिंसा की घटना होने पर अस्पताल प्रमुख को अधिकतम 6 घंटे के भीतर संस्थागत एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं.